# कार्यालय, प्राचार्य, एस0 एन0 के0 पी0 राजकीय महाविद्यालय, नीमकाथाना

फोन नं.–01574–230063 ई–मेल–snkpgovtcollegeneemkathana@gmail.com


क्रमांक : एफ( )राकानी / स्था / 2023 / 382 दिनांक : 14.08.2023

## विज्ञप्ति

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, के परिपत्र दिनांक 12.08.2023 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक :प. 6(2)वित्त / साविलेनि / 2021 दिनांक 07.08.2023 की अनुपालना में राज्य सरकार द्वारा घोषित **"विद्या सम्बल योजना"** के अन्तर्गत 24 सप्ताह अथवा 28.02.2024 जो भी पहले हो (अधिकतम 14 साप्ताहिक घण्टे अनुसार) 800 /– रूपये प्रति कालांश मानदेय आधार पर गेस्ट फैकल्टी (पूर्णतया अस्थाई) के रूप में निम्नांकित विषयों में अध्यापन कार्य कराने हेतु दिनांक 25.08.2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. राजकीय महाविद्यालय, नीमकाथाना हेतु–
   लोक प्रशासन– 01 पद, प्राणी शास्त्र– 01 पद, **भौतिक शास्त्र– 02 पद, दर्शन शास्त्र– 02 पद, अंग्रेजी– 01 पद**

2. राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजीतगढ हेतु–
   गृह विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, **समाज शास्त्र (प्रत्येक विषय में 01 पद)**

14/8/23

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय, नीमकाथाना

# विद्या संबल योजनान्तर्गत आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित विषय......................

आवेदित महाविद्यालय का नाम ..........................................

फोटो मय हस्ताक्षर

1. आवेदक का पूर्ण नाम.......................................................................................
2. पद (यदि सेवानिवृत है)......................................................................................
3. पिता का नाम.......................................................................................................
4. माता का नाम.......................................................................................................
5. जन्म दिनांक........................................................................................................
6. श्रेणी (GEN./OBC/SC/ST/EWS)..........................................................................
7. मोबाईल नं. .........................................................................................................
8. स्थायी पता .........................................................................................................
9. मेल आई.डी. .......................................................................................................
10. शैक्षणिक योग्यता का विवरण .................................................................................

| क्र. सं. | कक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय | उतीर्ण वर्ष | श्रेणी | कुल प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 वीं | | | | | |
| 2 | 12 वीं | | | | | |
| 3 | स्नातंक | | | | | |
| 4 | अधिस्नातक | | | | | |
| 5 | एम.फिल | | | | | |
| 6 | पीएच.डी. | | | | | |
| 7 | जेआरएफ सहित नेट | | | | | |
| 8 | नेट | | | | | |
| 9 | स्लेट या सैट | | | | | |

उपर्युक्त शैक्षणिक योग्यताओं से संबंधित अंकतालिकाओं की प्रति / श्रेणी से संबंधित प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें।

11. शोध प्रकाशन / शोधपरान्त अनुभव / पुरस्कार आदि का विवरण
   (i) शोध प्रकाशन का विवरण ( सहकर्मी द्वारा समीक्षित या यूजीसी द्वारा सूचीबद्ध जर्नल में प्रकाशित शोध पत्र ही मान्य होंगें)– लेखक / लेखकों का नाम, शोध पत्र का टाईटल, जर्नल का विवरण मय प्रकाशन तिथि की सूची एवं शोध पत्रों की प्रतिलिपि संलग्न करें।
   (ii) शिक्षण / पोस्ट डॉक्टरल अनुभव का विवरण मय प्रमाण
   (iii) पुरस्कारों का विवरण–
      अ. अन्तर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किये गये पुरस्कारों का विवरण मय प्रमाण
      ब. राज्य स्तरीय स्तर पर प्राप्त किये गये पुरस्कारों का विवरण मय प्रमाण

आवेदक के हस्ताक्षर

## शपथ

मैं शपथपूर्वक बयान करता / करती हूँ कि उपर्युक्त वर्णित सभी सूचनाएं मेरी जानकारी में सही एवं सत्य हैं यदि इन सूचनाओं में किसी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो मैं स्वयं इसके लिए उत्तरदायी होंऊगा / होंऊगी।

शपथगृहिता के हस्ताक्षर

प्रारूप

## शपथ– पत्र

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी....................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ......................... ( संस्थान का नाम )........... में दिनांक................ को प्रति कालांश के आधार पर अधिकतम 24 सप्ताह अथवा 28 फरवरी, 2024 जो भी पहले हो तक के लिए (अधिकतम 14 साप्ताहिक घंटे के अनुसार) गैस्ट फैकल्टी के रूप में अध्यापन कार्य हेतु आमंत्रित किया गया हूं।

1. यह है कि मैंने..............................संस्थान द्वारा जारी विज्ञापन दिनांक................के क्रम में अपना आवेदन प्रस्तुत किया है तथा मैंने विज्ञापन में वर्णित शर्तों को पढ़ व समझ लिया है तथा उन शर्तों की पालना हेतु वचनबद्ध हूं।
2. यह है कि मैंने राजस्थान सरकार के वित्त ( सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम ) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 6(2)वित्त/सा वि ले नि/2021 दिनांक 30.03.2021 एवं दिनांक 07.08.2023 को अच्छे से पढ़/समझ लिया है।
3. यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त सूचनाएं पूर्णतया सत्य हैं। तथा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।
4. यह कि मेरे द्वारा जमा किये गये समस्त शैक्षिक/प्रशिक्षण संबंधी मूल अभिलेख एवं अन्य दस्तावेज जो संस्थान द्वारा अपेक्षित है (यथा पहचान पत्र जो आवेदन पत्र में अंकित हो, न्यूनतम शैक्षिक पात्रता परीक्षा प्राप्त प्राप्तांक, निवास, जाति, विकलांगता, भू.पू. सै. स्वयं से संबंधित प्रमाण पत्र ) पूर्णतया सही हैं।
5. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त मूल अभिलेख एवं अन्य सूचनाएं यदि जांच के दौरान कूटरचित/फर्जी अथवा गलत पायी जाती है तो मुझे गैस्ट फैकल्टी से निर्मुक्त कर दिया जाएगा। जिला स्तरीय समिति के empellement से निर्मुक्त करते हुए मेरे विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही मुझे स्वीकार्य होगी जिसके लिए किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगा/करूंगी।
6. यह है कि मैं कार्य निष्पादन के दौरान निर्धारित उच्च मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाएं प्रदान करूंगा /करूंगी तथा यदि मैं इसका उल्लंघन करता हूं, करती हूं तो संस्था एकतरफा कार्यवाही हेतु स्वतंत्र तथा अधिकृत होगी ।
7. यह है कि मैंने यह अच्छे से समझ लिया है कि यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थायी तथा अधिकतम 24 सप्ताह अथवा दिनांक 28.02.2024 जो भी पहले हो तक के लिए है। मैं नियमित नियुक्ति का दावा नहीं करूंगा/करूंगी।
8. इस व्यवस्था से नियमित नियुक्ति या अन्य किसी भी कारण से मुझे यदि गैस्ट फैकल्टी के रूप में नहीं बुलाया जाता है तो मेरे द्वारा न्यायिक या प्रशासनिक स्तर पर कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जायेगा ।
9. मैं संस्थान द्वारा समय–समय पर जारी नियमों/निर्देशों की पूर्ण पालना करूंगा/करूंगी।
10. यह कि मुझे केन्द्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी अथवा समुचित प्राधिकारी के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय अथवा विभाग द्वारा पदच्युत नहीं किया गया है तथा नैतिक अधमता अथवा किसी अन्य अपराध के लिए दोष सिद्ध नही किया गया है और न ही कोई आपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित है ।
11. मैंने यह समझ लिया है कि निम्न कार्य कुशलता, दुराचरण, अनियमितता तथा कार्य से अनुपस्थिति की दशा में संस्थान या सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये मुझे गैस्ट फैकल्टी के रूप में निर्मुक्त करने का अधिकार होगा ।
12. मैं राजकीय अभिलेख तथा सूचनाओं की गोपनीयता बनाये रखूंगा तथा इसका उल्लंघन करने पर नियमानुसार दण्डीय कार्यवाही का उत्तरदायी होउंगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं/करती हूं कि उपर्युक्त वर्णित बिंदु संख्या 1 से 14 वर्णित तथ्य/सूचना मेरी जानकारी में सही तथा सत्य हैं, मैंने इनको भलिभांति पढ़ तथा समझ लिया है, मैंने कुछ भी असत्य व्यक्त नहीं किया है तथा न ही कुछ छिपाया है। यदि भविष्य में कोई सूचना/तथ्य असत्य या अपूर्ण सिद्ध होता है तो मैं स्वयं इसके उत्तरदायी रहूंगा।

शपथग्रहिता